## संक्षिप्त समाचार

### नपा. अनूपपुर में जरूरतमंदों को 5 रुपए में भोजन



अनूपपुर। नगर पालिका अनूपपुर द्वारा बस स्टैंड में दीनदयाल रसोई केंद्र का संचालन किया जा रहा है। जिसमें जरूरतमंदों को 5 रुपए में भोजन उपलब्ध कराने की सुविधा है।जहां प्रतिदिन जरूरतमंद लोग इसका लाभ ले रहे हैं।वहीं ठंड से बचने के लिए रैन बसेरे में ठहरने वाले लोगों के लिए माकूल व्यवस्था है।पलंग, बिस्तर के साथ ही कंबल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।नगर तथा जिले के अन्य नगरीय क्षेत्र में आवश्यक स्थान पर अलाव की व्यवस्था की गई है। जरूरतमंदों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सहायक कलेक्टर व प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी महिपाल सिंह गुर्जर के नेतृत्व में हर संभव व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।श्री गुर्जर ने आम नागरिकों से अपील की है कि वह जरूरतमंदों को रैन बसेरा तथा दीनदयाल रसोई की जानकारी देकर उन्हें इसका लाभ दिलाने में सहयोग करें।

### प्रनयुस ने किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वास्थ्य पर खुली चर्चा का आयोजन कर जागरूक किया



अनूपपुर। प्रणाम नर्मदा युवा संघ के द्वारा निरोग नारी–हम सब की जिम्मेदारी,माहवारी–नहीं है कोई बीमारी थीम पर माहवारी स्वचछता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमुना कॉलोनी में आयोजित किया गया ।जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक अध्यनरत विद्यालयीन किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता और सामाजिक एवं परंपरागत रूढ़िवादी अभ्यास,कुरुतियों एवं अंधविशवास के विषय में जागरूक किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में प्रनयुस की सदस्य मुस्कान केवट एवं शिवानी सिंह द्वारा छात्राओं को माहवारी की वैज्ञानिक प्रक्रिया,महत्व तथा उस दौरान रखे जाने वाले सावधानियां के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने उत्सुकता भरे प्रश्न पूछे,जिसका सटीक एवं वैज्ञानिक उत्तर प्रदान किया गया ।विद्यालय के प्राचार्य ने इस आयोजन हेतु संस्था के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किए।

### जनवरी में मैहर में 15-16 को होगा सम्मेलन

मानपुर। इस सम्मेलन में सिर्फ व्रतबंध करवाने की शुरुआत की गई थी लेकिन अब अपने समाज के लोग यह भी चाहते है की विवाह कार्यक्रम भी संपन्न करवाए जाए ।एक नई शुरुआत अपने समाज के लिए मिली है। आप सभी माता पिता से विनम्र आग्रह है कि अपनी कन्या एवम अपने पुत्र को 15 तारीख को परिचय करवाने के लिए जरूर लेके आए जिससे की आप सभी दूसरे प्रदेश के समाज बंधुओ से भी परिचय प्राप्त कर सकते है एक दूसरे की रीति रिवाजों को जान सकते है। दूसरा सबसे बड़ा लाभ यह होगा धन बचत की। जैसे फालतू के खर्च लाइट,टेंट,गाजा बाजा,खाना, मिस्त्री का सबकुछ मिला कर लाखो रुपए खर्च हो जाते है। सम्मेलन में कन्या और लड़के पक्ष को 11 हजार रुपए दे कर आप अपने रिश्तेदार बुला कर शादी संपन्न करवा सकते है और बचत के लाखो रुपए नया जीवन शुरू कर रहे वर,वधु को माता पिता दे सकते है जिससे नई गृहस्थी दोनो की अच्छे से संचालित हो सके। मेरा फर्ज है आप सभी को नई दिशा की शुरुआत की जान कारी देना और उसके लाभ बताना आगे आप सभी ज्ञानवान है खुद भी समीक्षा करके निर्णय ले कर आगे आइए और सम्मेलन को मजबूती प्रदान करके आगे बढ़ाइए।

### केन्द्रीय विद्यालय ने मनाया 62वां स्थापना दिवस

# छात्र-छात्राएं अपना लक्ष्य निर्धारित कर योजना के अनुरूप कार्य करें : महिपाल सिंह

नव स्वदेश ■ अनूपपुर



केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में केन्द्रीय विद्यालय संगठन का 62वां स्थापना दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महिपाल सिंह गुर्जर अनुविभागीय दंडाधिकारी अनूपपुर रहे।मुख्य अतिथि का स्वागत सर्वप्रथम स्काउट की कलर पार्टी द्वारा किया गया।कलर पार्टी मार्च करते हुए मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों को मंच तक मार्च पास करते हुए लेकर गए,वहां पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा हल्दी-कुमकुम लगाकर अतिथिओं का स्वागत किया गया।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की।इसके उपरांत विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार तिवारी एवं कक्षा प्रथम के छात्र-छात्राओं ने अतिथियों का हरित पादप भेंट कर स्वागत किया। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत उद्बोधन किया तथा उन्होंने केन्द्रीय विद्यालय संगठन के इतिहास,उसकी कार्य एवं प्रशासन प्रणाली एवं उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि 15 दिसम्बर 1963 को 20 रेजिमेंटल विद्यालयों के साथ शुरू हुई यह यात्रा आज 1256 केन्द्रीय विद्यालयों तक पहुंच चुकी है और शैक्षणिक उत्कृष्टता की यह यात्रा अनवरत जारी है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ गणेश वंदना एवं नृत्य द्वारा किया गया।कक्षा 9वी की छात्रा मान्या त्रिपाठी एवं यशिका पांडे ने केन्द्रीय विद्यालय के इतिहास एवं यहाँ प्राप्त हने वाली शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए किये जाने वाले प्रयासों पर अपने विचार रखें।इसके उपरांत केंद्रीय विद्यालय संगठन का गान ÷भारत का स्वर्णिम गौरव केंद्रीय विद्यालय लाएगा÷ विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया। इसके उपरांत उड़िया भाषा का लोक नृत्य कक्षा पांचवी की छात्राओं ने प्रस्तुत किया।सांस्कृतिक कार्यक्रमों की इन्हीं कड़ियों में ÷मैं आइना हूं इतिहास का÷फ्यूजन डांस प्रस्तुत किया गया।

मुख्य अतिथि महिपाल सिंह गुर्जर ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए किस तरीके से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं के बारे में छात्रों को वृहद जानकारी दी।उन्होंने अपने सारगर्भित भाषण में विद्यार्थिओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसके अनुरूप कार्य योजना बनाकर अध्ययन करने का सुझाव दिया।उनके आशीर्वचनों और प्रेरक प्रसंग को सुनकर विद्यार्थी गदगद हो गए।इसके उपरांत विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका सुमना सेन गुप्ता ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।तदुपरांत राष्ट्रगान हुआ। इसके उपरांत मिष्ठान वितरण का कार्यक्रम मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा करा कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन हिन्दी शिक्षक आर.जी. प्रजापति ने किया।कार्यक्रम में केन्द्रीय विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक संतोष झा,स्थानीय पत्रकार तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

# सर्व सेवा संघ का 91वां राष्ट्रीय अधिवेशन अनूपपुर में

नव स्वदेश ■ अनूपपुर



अनूपपुर। सर्वोदय विचार की सर्वोच्च संस्था सर्व सेवा संघ की राष्ट्रीय कार्यसमिति और अधिवेशन सर लगन पैलेस,अनूपपुर में 21,22,23 दिसंबर 2024 को संपन्न होगा।जिसका विधिवत उद्घाटन महात्मा गांधी के पोते प्रसिद्ध लेखक और सामाजिक कार्यकर्ता तुषार गांधी करेंगे।अधिवेशन में देश भर से 350 डेलिगेट्स हिस्सा लेंगे। तादाशय की जानकारी वरिष्ठ सर्वोदय सेवक, पत्रकार, साहित्यकार संतोष कुमार द्विवेदी और सर्व सेवा संघ के युवा सेल के राष्ट्रीय संयोजक भूपेश भूषण ने दी। आपने बताया कि विंध्य में सर्व सेवा संघ का यह पहला राष्ट्रीय आयोजन है।जिसमें देश भर के लगभग सभी ख्यात गांधीजन हिस्सा लेंगे।जिसमें सर्व सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदन पाल सहित सभी पदाधिकारी, गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष कुमार प्रशांत, गांधी स्मारक निधि के अध्यक्ष रामचंद्र राही, गांधी नेशनल म्यूजियम के डायरेक्टर डॉ.ए. अन्नामलाई, गांधी भवन न्यास के अध्यक्ष संजय सिंह,सचिव दयाराम नामदेव,सम्यक अभियानक प्रवर्तक वरिष्ठ लेखक विचारक भास्कर राव रोकड़े,पूर्व संसद और गांधी विचार की वाहक मीनाक्षी नटराजन, पूर्व आईएएस और लेखक राजीव शर्मा,पूर्व हाई कोर्ट जस्टिस मनोरंजन मोहंती, डॉ.विश्वजीत रॉय,मध्यप्रदेश गांधी स्मारक निधि की सचिव दमयंती पाणी आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। ज्ञात हो कि सर्व सेवा संघ गांधी विचार की सर्वोच्च संस्था है।जिसका निर्माण आजादी के तुरंत बाद महात्मा गांधी के विचारों के प्रचार-प्रसार और तदनुरूप समाज निर्माण के उद्देश्य से सेवाग्राम आश्रम में 13 से 15 मार्च 1948 के बीच तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ.राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुए सम्मेलन में पंडित जवाहरलाल नेहरू,आचार्य विनोबा भावे, आचार्य कृपलानी,सुचेता कृपलानी,डॉ.जाकिर हुसैन, जयप्रकाश नारायण, मौलाना अबुल कलाम आजाद, जे.सी.कुमारप्पा, आशा देवी आर्यनायकम जैसे महापुरुषों की उपस्थिति में किया गया था।

## तुलसी महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित कार्यक्रम आयोजित



नव स्वदेश ■ अनूपपुर

अनूपपुर जिले के प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तुलसी महाविद्यालय में आज भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अनिल कुमार सक्सेना के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल के कुलगुरु प्रोफेसर राम शंकर त्रिवेदी उपस्थित रहे। प्रो. त्रिवेदी ने अनेक ऋषियों मुनियों द्वारा दिए गए सूत्रों और सिद्धातों की चर्चा करते हुए विषय को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हो रहे अनेक अविष्कार और तकनीकी प्रगति प्राचीन एवं पारम्परिक भारतीय ज्ञान पर आधारित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. सक्सेना ने कहा कि वर्तमान में फिजिक्स और क्वांटम फिजिक्स के साथ विज्ञान के सभी क्षेत्रों में जो नए सिद्धांत निर्मित हो रहे हैं उन सबके पृष्ठभूमि में प्राचीन भारतीय ज्ञान बीजतत्त्व के रूप में उपस्थित है। कार्यक्रम में शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के प्रो. विनोद कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के संयोजक प्रो.अजय राज सिंह राठौर और प्रभारी प्रो.पूनम धांडे रहीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में कुल छह विधाओं का आयोजन हुआ जिसमें भाषण,निबंध, सामान्य ज्ञान, पोस्टर, लोकनृत्य एवं लोकगीत शामिल रहा।

### नवागत अमरपुर चौकी प्रभारी सत्यदेव यादव प्रभार संभालते ही अलर्ट मोड पर

मानपुर। जिले के मानपुर जनपद अमरपुर चौकी प्रभारी सत्यदेव यादव ने प्रभार संभाल लिया है वहीं प्रभार संभालते ही अलर्ट मोड पर आ गए हैं अपने प्रभार क्षेत्र का भ्रमण कर जायज़ा कर रहे श्री सत्यदेव यादव अपनी सेवा कोतवाली थाना में दे रहे हाल ही में उन्हें अमरपुर चौकी प्रभारी का जिम्मदारी सौंपा गया अमरपुर प्रभारी ने बताया कि प्राथमिक स्तर पर उनका ध्यान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने पर रहेगा। असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ ही अपराधियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। प्रभारी पेंडिंग अपराधों की जानकारी ली।



# जाम लगने से परेशान मानपुर वासी



नि.प्र. ■ मानपुर

विधानसभा मुख्यालय मानपुर नगर परिषद मुख्यालय,जनपद मुख्यालय, तहसील मुख्यालय सहित विधानसभा मुख्यालय के तमगे से विभूषित हैं लेकिन यहां कि सड़कों पर लगने वाले जाम से यहां की आवाम तंग आ चुकी है खासकर यह स्थिति शुक्रवार को साप्ताहिक हाट बाजार के दिन अमूमन बन ही जाती है जब लोग दिल्ली मुंबई की तरह यहां पर घंटों के जानलेवा जाम में फंस जाते हैं इस बीच गुजर रही एंबुलेंस या फायर ब्रिगेड का भी इस जाम से उबर कर निकलना मुश्किल है खासकर स्टेट बैंक में पार्किंग ना होने से वहीं से यह जाम शुरू होकर बस स्टैंड और गांधी तिराहे तक लग जाता है जो कि लोगों के लिए एक भारी परेशानी का सबब बन चुका है। ऐसा नहीं कि स्थानीय पुलिस प्रशासन इसके लिए सजग नहीं पर नगर परिषद प्रशासन और बाईपास निर्माण ठेकेदार की हठधर्मिता के चलते इस जाम पर काबू पा लेना पुलिस के बस के बाहर है बता दें कि इस समय यहां पर बाईपास निर्माण कार्य किसी यादव ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है जो कि अपने आप को सीएम के करीबी होने का धौंस बताकर एक तो कछुआ चाल से सड़क बना रहे हैं इतना ही नहीं इन ठेकेदार महोदय के मौके पर मौजूद गुर्गों के द्वारा वहां से किसी भी वाहन चालक को नहीं गुजरने दिया जाता और इसी विवाद से बचने के लिए वाहन चालक नगर के मुख्य मार्ग से होकर निकलने को मजबूर हैं वहीं नगर परिषद द्वारा हाट बाजार को कोई निर्धारित स्थान नहीं दिए जाने पर बेतरतीब लगी दुकानें भी इस जाम के लगने की एक वज़ह है हालांकि जबसे यहां पर मुकेश मार्सकोले थाना प्रभारी के रूप में पदस्थ हुए हैं तभी से इस लगने वाले जाम की भयावहता से बचने पुलिस एक्टिव मोड है और इसके लिए पुलिस के जवान हर गली चौराहे पर अपनी तैनाती देते नजर आते हैं जिससे लोगों को एक बड़ी राहत मिली है जिस हेतु श्री मार्सकोले साधुवाद के पात्र हैं। लोगों ने जिले के संवेदनशील कलेक्टर महोदय से मानपुर में लग रहे इस जाम से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

## विधायक की अध्यक्षता में अमरकंटक विकास प्राधिकरण व नगर परिषद की बैठक संपन्न



नव स्वदेश ■ अनूपपुर

पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मां नर्मदा जी के उद्गम स्थल पवित्र नगरी में अमरकंटक विकास प्राधिकरण एवं नगर परिषद के सम्बंधित विभिन्न निर्माण कार्यो (अधोसंरचना)हितग्राही मूलक कार्यो के सम्बंध में समीक्षा बैठक 13 दिसंबर 2024 को नगर परिषद अमरकंटक के सभागार में पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में प्रमुख रूप से अनुविभागीय दंडाधिकारी पुष्पराजगढ सुधाकर सिह बघेल,मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र सिंह,नोडल एजेंसी के अधिकारियों के साथ ही अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,पर्षदगण नगर परिषद अमरकंटक उपस्थित होकर अपने-अपने सुझाव रखे। इस अवसर पर विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने बैठक में आए हुए समस्त सुझावों पर बिंदुवार चर्चा की एवं संबंधितों को निर्देश दिए की विकास कार्यो में जो भी कमियां है उसे सुधारा जाए और नगर विकास के हित में कार्य किए जाए।

### मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा- शीघ्र ही लालपुर (शहडोल) व अनूपपुर में बनेगी हवाई पट्टी



अनूपपुर। मध्यप्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने डॉक्टर मोहन सरकार के 1 वर्ष पूरे होने पर पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने जो घोषणा की थी वह अब मुर्त रूप लेने जा रही है।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि लालपुर (शहडोल) हवाई अड्डे की बिड़ला की लीज अब समाप्त हो चुकी है।जिसे जिला कलेक्टर शहडोल को कहा गया है कि शीघ्र ही हवाई अड्डे के लिए उसका प्रपोजल बनाकर केंद्रीय हवाई मंत्रालय को भेजें।वही अनूपपुर जिला मुख्यालय में भी हवाई पट्टी के लिए कलेक्टर अनूपपुर से चर्चा हो गई है।शीघ्र ही यहां का प्रपोजल बनकर भी जाएगा।एवं बहुत जल्दी दोनों जगह हवाई पट्टी की स्वीकृति प्राप्त होगी।एवं आने वाले समय में हवाई कनेक्टिविटी से लालपुर (शहडोल) एवं अनूपपुर दोनों जुड़ जाएंगे।

## एचडीएफसी बैंक के सहयोग से 36 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह

नव स्वदेश ■ अनूपपुर



जरूरतमंदों को सहज और सरल तरीके से रक्त उपलब्ध कराने के लिए जिला स्वास्थ्य समिति अनूपपुर द्वारा जनमानस को जन जागरूकता का संदेश देते हुए अधिक से अधिक रक्तदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है।जिसके परिणाम स्वरूप पॉलिटेक्निक कॉलेज अनूपपुर में एचडीएफसी बैंक के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें 36 लोगों ने रक्तदान कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

रक्तदान से 36 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया शिविर में एचडीएफसी तथा पॉलिटेक्निक कॉलेज के स्टाफ तथा विद्यार्थियों ने रक्तदान शिविर में सहभागिता की गई। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।इस अवसर पर प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एस.सी.राय,पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य,एचडीएफसी बैंक के प्रबंधक व अन्य स्टाफ एवं जिला चिकित्सालय के लैब टेक्नीशियन भाई लाल पटेल व रक्तदान यूनिट के स्टाफ का सहयोग उल्लेखनीय था।

पत्रकारवार्ता

### डॉ. मोहन यादव सरकार के एक साल बेमिसाल

# गरीब कल्याण की योजनाओं व सर्वांगीण विकास को कृत संकल्पित है प्रदेश सरकार

नि.प्र. ■ मानपुर




प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी जिला उमरिया के जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे द्वारा पत्रकार वार्ता आयोजित कर मध्य प्रदेश की डॉ मोहन यादव सरकार की उपलब्धियां और गरीब कल्याण की योजनाओं को बताया गयाद्य भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे ने 13 दिसंबर को डॉ मोहन यादव सरकार के 1 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर जिले वासियों को शुभकामनाएं देते हुए माननीय मुख्यमंत्री महोदय को आम जनता की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गयाद्य मध्य प्रदेश आज आम व्यक्ति के उन्नयन और विकास की इबारत लिख रहा है द्यजहां एक ओर सिंचाई का रकबा बढ़ा है फसल उत्पादन में प्रदेश अग्रणी बना है वहीं इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के क्षेत्र में भी वृहत विशालकाय इमारत पुल पुलिया सड़क के माध्यम से विकास को गति मिली हैद्य मध्य प्रदेश का युवा आज स्वरोजगार के माध्यम से अपने आप को आत्मनिर्भर बनाते हुए स्वावलंबी बन रहा हैद्य शिक्षा के क्षेत्र में स्कूलों का उन्नयन महाविद्यालय का जीर्णोद्धार नवीन मेडिकल कॉलेज की स्थापना चिकित्सा के क्षेत्र में चिकित्सालयों का पुनर्निर्माण संसाधनों की परिपूर्णता के माध्यम से आयुष्मान और संबल जैसी योजनाओं का लाभ आम व्यक्ति को मिल रहा है द्यलाडली बहना प्रधानमंत्री आवास के माध्यम से गरीब कल्याण की योजनाएं जमीनी स्तर पर प्रभावी हो रही है द्य सर्वहारा वर्ग के उत्थान पिछड़ी जातियों को विशेष प्रावधान जनजाति वर्ग के लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाओं के लिए मध्य प्रदेश देश में अव्वल हैद्य संस्कृति के क्षेत्र में सनातन और धर्मावलंबियों के लिए राम वन गमन पथ और भगवान श्री कृष्ण से जुड़े हुए क्षेत्र धर्म और आध्यात्मिक आस्था का केंद्र बने हुए हैंद्य सबका साथ सबका विकास सबके सहयोग और सबके प्रयास की कल्पना को साकार करने वाली सरकार है डॉक्टर मोहन सरकारद्य भारतीय जनता पार्टी की सरकार गांव गरीब किसान के कल्याण को संकल्पित और समर्पित है द्यमध्य प्रदेश डॉक्टर मोहन यादव जी के नेतृत्व में नित नई बुलंदियों को छू रहा है द्य आज की पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ नेता प्रकाश पालीवाल सरजू प्रसाद अग्रवाल दीपक छतवानी विमल अग्रवाल सम्मिलित हुए।

## बांधवगढ़ में साहेब बंदगी में एकत्रित हुआ जन सैलाब

■ कबीरपंथियों की सुरक्षा में 200 वन कर्मी सहित लगा हाथियों का दल

नि.प्र. ■ मानपुर



बाँधवगढ़ विश्व प्रसिद्ध बाँधवगढ़ टाईगर रिजर्व के कोर जोन अंतर्गत किला पर स्थित कबीर चबूतरा मंदिर दर्शन करने हजारों की तादात में कबीरपंथी श्रद्धालु सुबह 8 बजे से 11 बजे तक पार्क के अंदर प्रवेश किये है।बांधवगढ कोर जोन होने की वजह से शनिवार की सुबह 8 बजे से दोपहर 01 बजे तक यानी 05 घण्टे श्रद्धालुओं को विभिन्न दार्शनिक स्थल दर्शन करने अनुमति मिली है।इस दौरान श्रद्धालु नेशनल पार्क बांधवगढ़ के अंदर कबीर तलैया,गुफा चबूतरा आदि पवित्र धार्मिक स्थलों का दर्शन करे है। एक दिवसीय इस धार्मिक कार्यक्रम में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान प्रदेशों से श्रद्धालु पहुँचे है।अगहन मास के पूर्णिमा के दिन हरवर्ष संत कबीर के श्रद्धालुओं का बांधवगढ में समागम होता है। इस बार भी करीब पांच हजार कबीर पंथी श्रद्धालु साहब बन्दगी में शामिल हुए है।कबीरपंथियों की मान्यता है कि इसी स्थल पर कभी कबीर दास आये थे,और अपने ज्ञान का प्रकाश दिव्यमान किया था। कबीर मंदिर मार्ग पर कबीरपंथियों के सुरक्षा के माकूल इंतजाम किये गए है। वन्य प्राणियों के खतरे को देखते पार्क प्रबन्धन सम्बन्धित मार्ग पर जिम्मेदार अधिकारी और 2 सौ कर्मियों की तैनाती की थी।इस दौरान महावत के साथ हाथियों का दल भी बराबर श्रद्धालुओं की सुरक्षा करते दिखे।